पत्र संख्या–2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 03/ 2026 ..../

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

धर्मवीर प्रसाद,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

तृतीय स्मार पत्र

निदेशक,
पशुपालन/मत्स्य/गव्य, बिहार, पटना।
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।
सभी उप मत्स्य निदेशक, बिहार।
उप मत्स्य निदेशक (मु0), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना।
संयुक्त मत्स्य निदेशक (मु0), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना।
सभी क्षेत्रीय निदेशक (गव्य), बिहार।
संयुक्त निदेशक (गव्य), गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।

पटना– 15, दिनांक–

विषयः– **बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन निमित Work Flow उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– **विभागीय पत्रांक 297, दिनांक– 19.01.2026, 1020, दिनांक– 24.02.2026 एवं 1817, दिनांक–15.04.2026**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में स्मारित करते हुए कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन किया जाना है। आलेखन के क्रम में सर्वप्रथम बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों के प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों से संबंधित सूचनाओं का Mapping किया जाना है। यह Mapping दिनांक– 01.04.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि में पदाधिकारियों के कार्यरत रहने की स्थिति/संभावित स्थिति के आधार पर की जानी है।

उक्त के आलोक में Work Flow भेजने से पूर्व निम्नांकित बिन्दुओं का अनुपालन किया जाय :–

1. सभी निदेशालय जिलावार Work Flow एक साथ भेजना सुनिश्चित करेगें।
2. प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण के रूप में वही पदाधिकारी रहेगें जो 01.04.2025 से 31.03.2026 तक प्रभार में रहे हों।
3. समीक्षी/स्वीकरण के रूप में यदि एक से ज्यादा पदाधिकारी हों तो, जो पदाधिकारी अधिकतम समय रहे हों उन्ही का विवरणी अंकित करना है।

4. प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी संबंधित सेवा के पदाधिकारी हों तो अनिवार्य रूप से उनका Sparrow ID (BVFD.....) अंकित करना है, जिससे Work Flow सही से किया जा सके।

विदित हो कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों के वित्तीय वर्ष 2025–26 का ई–पार आलेखन के लिये प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों के Mapping हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराने के साथ–साथ अपने अधीनस्थ कार्यालयों में भी उक्त से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने का अनुरोध किया गया था, परंतु वैसे पदाधिकारियों की संख्या बहुतायत है जिनका वित्तीय वर्ष 2025–26 का Work Flow अप्राप्त है।

अतएव पुनः अनुरोध है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के शेष बचे पदाधिकारियों का Work Flow यथाशीघ्र तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 03/ 2026 ...2104.../ पटना–15, दिनांक– 05/05/26

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0टी0 प्रबंधक/पी0एम0यू0 लीड, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/05/26

सरकार के अवर सचिव।